an>

Title: Regardign security of holy city of Haridwar in the backdrop of increasing incidences of terrorist and maoist attacks.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार): माननीय अध्यक्ष जी, मेरा निर्वाचन क्षेत्र हरिद्वार देश और दुनिया का अध्यात्म हृदय कहा जाता है। यहां पिछले दिनों लगातार घटनाएं हो रही हैं, इससे संपूर्ण क्षेत्र आहत है और दहशत में है। 6 दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद् के बड़े आयोजन से ठीक 50 मीटर दूरी पर एक भीषण बम विस्फोट हुआ। इसमें एक बच्चे की जान गई जिससे पूरा क्षेत्र दहशत में है।

मैं कहना चाहता हूं कि सामरिक दृष्टि से उत्तराखंड बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दो देश की सीमाओं से जुड़ा है। देश की सीमाओं की बड़ी घटना में शायद ही इस क्षेत्र का नौजवान शहीद नहीं होता होगा। इस सामरिक क्षेत्र में माओवाद की घटनाएं हो रही हैं और आतंकी गतिविधियां शुरु हो रही हैं। यहां वर्ष 2016 में कुंभ का मेला होना है। मेरा विनम्र निवेदन है कि तत्काल जांच करके ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और ऐसी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए।

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.10 p.m.

13.08 hrs

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Ten Minutes

past Fourteen of the Clock.

HON. DEPUTY SPEAKER: Now, we shall take up the 'Matters under Rule 377'.